India is one ancient land that has acknowledged the feminine divinity and the divinity in the feminine. Though apparently separate issues, these two concepts are intricately woven and are symbiotically interlinked to each other. The Western civilization is still in the formative years, as far as these concepts are concerned. It is, therefore, natural for an Indian male to recognize the power of mathru-shakti, while his counterpart in the West feels shy of recognizing that. No wonder, we celebrate Indian women and they celebrate and worship women. And this idea cuts across castes and communities in India, making it the most secular idea in modern India. In the mid-sixties, when Panditji and Lal Bahadur Shastriji died in quick succession, the mantle of leading the country fell on Indira Gandhi. The West, as well as the rest of the world, perhaps, with a few exception of certain Asian countries, was aghast. The reason was, how could a

woman lead a country that too, as vast and complicated and convoluted as India. But, Indira Gandhi, not only led India for sixteen years but several times she took on the might of the world as only an Indian woman could do. Who can forget the big snub to the U.S. in the height of creation of Bangladesh? No wonder, Shri Vajpayeeji equated Indiraji as Mata Durga.

The rich tradition of Indian women occupying the political leadership continues from then on. My leader, Dr. Puratchi Thalaivi is the most towering woman leader from the South. Similarly, the Congress Party, the Trinamool Congress and the Bahujan Samaj Party are some of the major political parties which are headed by women. It is not only that women have been dominating the political scene. There are several women who have been dominating the literary, arts, films, science, sports and what not. On this great occasion, on behalf of my party, and my party General Secretary, Dr. Puratchi Thalaivi, I salute all the women who have done India proud. Much as we celebrate the Indian women, there is one class of Indian woman who is uncelebrated, unrecognized and un-debated. It is the Indian housewife. It is the power of this lady that propels every single house in India. Her dexterity in handling the finances of the house far exceeds the ability of all the Finance Ministers of the Government of India. Undeterred by all odds, she has ensured that Indian households are far more viable than even the Government of India. Today, the Indian domestic savings stands at approximately 37 per cent of the GDP. Today the Indian domestic savings approximately funds 90 per cent of the Indian investment requirement, virtually making India less dependent on the FDI than all other peer countries. All these have happened simply because of the innate discipline of the Indian housewife of managing the Indian households.

The West is in deep economic crisis and also in financial crisis. And the reason for the same is that while the West has liberated its women, the women have liberated themselves from the responsibilities of the family. The net result is the gargantuan spending with little or no savings. In contrast, the Indian women may not be liberated in the strictest sense of the term, but have carried with far more responsibility, dignity and discipline than their western counterparts. In short, the Indian model of preserving the space for women in the society by providing her respect instead of rights is the singular distinction between our society and the western society.

It is, therefore, incumbent that we continue to preserve this — not as a right to women but as a mark of respect by the society to the contribution by the Indian women to the development of our country for the past five thousand years of recorded history.

Realizing the need for gender equality in politics, the AIADMK under Dr. Puratchi Thalaivi played a pioneering role by reserving 33% of all party posts for women as early as in the 1990s. It was when Madam was the Chief Minister of Tamil Nadu that the Cradle Baby Scheme was first introduced in 1990s to prevent female infanticide under which the State adopted abandoned female infants.

It was under Dr. Puratchi Thalaivi that all women police stations were introduced in Tamil Nadu in 1992 to exclusively handle cases relating to the offences against women, particularly domestic violence.

It was again she who constituted an exclusive commandor battalion comprising only women. She also accorded the maternal role of woman the due legal recognition by legitimizing the rule of one's mother's name as the initial instead of or in addition to the father's name. Again, it was Puratchi Thalaivi who provided impetus for the growth of woman's self-help groups to make women economically free.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

DR. V. MAITREYAN: Our party, headed by Puratchi Thalaivi, in our election manifesto for the Parliamentary elections in 2009, made a provision for 33 per cent women in the Lok Sabha polls. We reiterate that this is not a right conferred upon the women of India; rather, it is recognition of the fact that India is feminine, her economy is feminine, and her soul is feminine.

It is a small tribute made out by the people of this great country to the better-half of India. To this extent, AIADMK whole-heartedly supports this Bill.

श्री शिवानन्द तिवारी (बिहार) : सभापति महोदय, मैं जनता दल यूनाइटेड की ओर से इस वूमेन रिजर्वेशन बिल के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। सभापति महोदय, हमको इस बात का फख्र है कि बिहार में नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हमारी जो सरकार है, वह सरकार चल रही है। वह पहली ऐसी सरकार है जिसने औरतों को 50 परसेंट आरक्षण देने का काम किया है। मुझको इस बात की भी खुशी है कि उसका अनुकरण न सिर्फ कई राज्य सरकारें कर रही हैं, बल्कि केन्द्र सरकार ने भी पंचायती राज में 33 परसेंट आरक्षण को 50 परसेंट करने का निर्णय लिया है। हम लोगों को इस बात की खुशी है।

(श्री उपसभापति पीठासीन हुए)

उपसभापति महोदय, हम लोग आरक्षण के भीतर आरक्षण की मांग काफी दिनों से करते आए हैं और उसके पीछे हमारा एक तर्क रहा है। आप जानते हैं कि हमारे देश में जाति व्यवस्था वाला समाज है और पैदाइश के आधार पर गैर-बराबरी को हमारे समाज में लम्बे समय से मान्यता रही है। उसी का परिणाम है कि 1952 में जो पहला चुनाव हुआ, आपने देखा होगा लोक सभा में जो ओ0बी0सी0 है, जो पिछड़ी जातियां हैं, उनका प्रतिनिधित्व मात्र 12 प्रतिशत था, ऐसे हिन्दी बैल्ट से 64 प्रतिशत ऊंची जाति के लोग लोक सभा में जीतकर आते थे, यह स्थिति थी। लेकिन वोट की राजनीति ने इस स्थिति को बदला और धीरे-धीरे जो अन्य पिछड़ी जातियां जिनकी तादाद ज्यादा थी, जिनकी संख्या ज्यादा थी, उनका प्रतिनिधित्व लोक सभा में बढ़ने लगा। आपको जानकर खुशी होगी कि 1977 में जब पहली दफे कांग्रेस की सरकार दिल्ली से हटी उसके बाद ऊंची जातियों का प्रतिनिधित्व घटा और पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व लोक सभा में बढ़ा। आज यह हालत है कि लोक सभा में 30 प्रतिशत से ज्यादा ओ0बी0सी0 के सदस्य उपस्थित हैं। यह वहां स्थिति है। ऊंची जाति के लोग जो वहां 64 परसेंट से ऊपर सिर्फ हिन्दी बैल्ट से आते थे, आज उनकी तादाद 33 परसेंट और उससे भी कम हो गई है। यही हाल सारे राज्यों में हुआ है। हमको लगता है कि शायद हिन्दुस्तान में एकमात्र पश्चिम बंगाल ऐसा राज्य है, जो उल्टी दिशा में चल रहा है। 1972 से 1996 के बीच में अगर आप वेस्ट बंगाल असेंबली के सोशल कम्पोजिशन को देखेंगे तो वहां 38 परसेंट से 50 परसेंट तक ऊंची जाति के लोगों का रिप्रजेंटेशन हो गया है। बाकी राज्यों में ऊंची जाति का रिप्रजेंटेशन घट रहा है लेकिन पश्चिम बंगाल में जहां 30 वर्षों तक क्रांतिकारी सरकार रही है, वहां पिछड़ी जातियों की तादाद घटी है और 50 फीसदी ऊंची जातियों का वहां

प्रतिनिधित्व हो गया है। यही नहीं, उपसभापति महोदय, जो वहां का मंत्रिमंडल है, उस मंत्रिमंडल में भी देखिएगा कि 50 परसेंट से अधिक लोग वे सिर्फ एक ही बिरादरी, वैध बिरादरी, ब्राह्मण बिरादरी, ब्राह्मण बिरादरी इन दो-तीन बिरादरियों में से हैं। यह फेक्च्युअल स्थिति है। आरक्षण के भीतर आरक्षण हम अब भी चाहते हैं, लेकिन किस का? ओ0बी0सी0 एक बहुत बड़ा तबका है और ओ0बी0सी0 में ऐसी-ऐसी जातियां हैं, एक तो जिनका संख्या बल ज्यादा है, जिनको हम मिडिल कॉस्ट कहते हैं और ऐसी भी जातियां हैं जो छोटी-छोटी संख्याओं में, अनेकों जातियों में बंटी हुई हैं, वे चुनाव लड़ नहीं पाती हैं। हमको इस बात का फख्र है कि बिहार में हमारी सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था में नगर निकायों में जिनको एक्सट्रीमली बैकवॉर्ड कहा जाता है, अति पिछड़ी जातियों में कहा जाता है, उनको हम लोगों ने आरक्षण दिया। इस आरक्षण का यह नतीजा निकला कि हमारे यहां समाज का लोकतांत्रिकरण हुआ और जो हमारा उग्रवाद है, वह इसकी वजह से कमजोर हुआ। हमारे यहां जो उग्रवाद था, हम लोगों ने उसकी रीढ़ को भी कमजोर किया। जो उग्रवाद का सामाजिक आधार था, जहां से उनको ताकत मिलती थी, उस ताकत को हम लोगों ने कमजोर किया। हमारे यहां ऐसी-ऐसी जातियों के लोग प्रमुख बने हैं, जिला परिषद् के अध्यक्ष बने हैं, जो वार्ड का चुनाव लड़ने की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। हम यह चाहते थे कि ऐसी जातियों को चिह्नित किया जाता और उनको इस आरक्षण में जगह दी जाती। मैं एक गंभीर और महत्वपूर्ण बात और कहना चाहता हूं, यहां पर प्रधान मंत्री जी मौजूद हैं, उनके सामने कहना चाहता हूं। मैंने कई मुसलमान साथियों से बात की है और मैं आपको ईमानदारी के साथ कहना चाहता हूं कि उनके मन में इस बात की आशंका है कि आज का जो लोकतंत्र है, इस लोकतंत्र में, आबादी के अनुपात में उनके प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। लोक सभा में मुस्लिम समाज के 27 या 28 लोग हैं और 2001 की जनगणना के अनुसार उनकी आबादी 13.4 है। उनके 60 या 62 प्रतिनिधि होने चाहिए थे, जबकि वे कुल 27 या 28 हैं। उनको इस बात की आशंका है कि यह जो महिलाओं का आरक्षण होगा, तो उसमें करीब 279 या 280 जनरल सीट लड़ने के लिए होंगे। उनका यह कहना है कि हमारे मर्द तो जीत नहीं पाते हैं। हमारे यहां मुस्लिम महिलाएं कितनी हैं, तो इससे हमारी तादाद और घट जाएगी। उनमें एक प्रकार से अलगाव की भावना पैदा हो रही है। आपको याद होगा pre independence era में जब यह सवाल उठा था कि इस तरह का लोकतंत्र आएगा, वोट का राज होगा तो बहुमत में हिन्दू हैं, हम मुसलमान माइनोरिटी में हैं, हमको हमारा हिस्स नहीं मिल पाएगा। यह जो उनके मन में आशंका थी, उस समय उस आशंका को देश का नेतृत्व निर्मूल नहीं कर पाया, उसका नतीजा हुआ कि देश का विभाजन हुआ। देश के विभाजन के बाद भी संविधान सभा बैठी हुई थी, उस संविधान सभा में कुछ मुस्लिम प्रतिनिधियों ने इसको उठाया था कि जिस तरह से अंग्रेजों के समय में एक मुसलमानों का सेप्रेट इलेक्ट्रोरल था, वह आजादी के बाद भी उनको मिले। आप उस Constituent Assembly की डिबेट को पढ़िए प्रधान मंत्री जी, आप तो बड़े विद्वान आदमी हैं। आपने पढ़ा होगा कि किस तरह से धमकी देकर मुसलमानों को चुप करा दिया गया। उनके मन में जो आशंका है, उस आशंका को निकालने का इंतजाम भी आपको करना पड़ेगा, नहीं तो देश का जो वातावरण है, इतनी ज्यादा आबादी, 13.6 प्रतिशत आबादी, इस आबादी की मन में आशंका हो कि हमारे साथ भेदभाव हो रहा है, हमको इन्साफ नहीं मिल रहा है, तो यह देश के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होगा। ...**(समय की घंटी)**... इसलिए मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप इस बात को भी ध्यान में रखेंगे। रंगनाथ मिश्र कमेटी ने, जो मुसलमानों में दलित जातियां हैं, उनको भी हिन्दू दलित जातियों के समान आरक्षण देने की बात कही है। आज जो शैड्यूल्ड कास्ट का रिजर्वेशन असेम्बली और पार्लियामेंट में है, उसका लाभ मुस्लिम समाज के कुछ तबके को मिल सकता था । ...**(समय की घंटी)**... ये जो आशंकाएं हैं, इन आशंकाओं को आपने दूर किया होता, इन आशंकाओं को आपने इस बिल में दूर किया होता, तो यह बिल ज्यादा बेहतर बनता। मैं एक अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करूंगा। हमारे साथी विरोधी दल के नेता, श्री अरुण जेटली जी ने कहा कि बेहतर है, सबसे बेहतर है कि आप जो आरक्षण देने जा रहे हैं, इस आरक्षण के बारे में ऐसा कानून बनाइए कि पॉलिटिकल पार्टियों के लिए कम्पलसरी हो जाए कि 33 परसेंट उम्मीदवार वे महिलाओं को बनाएं। ...**(समय की घंटी)**... ये जो आप रोटेशनवाइज सीटें रिजर्व करने जा रहे हैं, पंचायतों में हमने इसको रोटेशनवाइज किया था, उसका परिणाम बहुत अच्छा नहीं आया, उसको हम लोगों को बदलना होगा।

श्री उपसभापति : तिवारी जी, आप समाप्त कीजिए। श्री तारिक अनवर ।

श्री शिवानन्द तिवारी इसलिए बेहतर होगा, ज्यादा उम्मीदवार महिलाएं बन पाएंगी, अगर आप इलेक्शन लॉ में परिवर्तन करके पार्टियों के ऊपर बंदिश लगा दें कि हर पार्टी को 33 प्रतिशत उम्मीदवार महिलाओं को बनाना होगा। मैं उम्मीद करता हूं कि यह जो सुझाव आया है, ...(समय की घंटी)... उस सुझाव को आप इस बिल में इनकारपोरेट करेंगे, ताकि सब लोग उत्साह के साथ इस बिल का समर्थन कर सकें। इसी के साथ इस बिल का समर्थन करते हुए, मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मोहम्मद अमीन (पश्चिमी बंगाल): सर, पश्चिमी बंगाल में जात-पात का भेदभाव बहुत ही मामूली है और जो झगड़ा होता है, उसको वे लोग अपनी समझदारी से हल करते हैं।

†**جناب محمد امین :** سر، پشچھمی بنگال میں جات پات بھید بھاؤ بہت ہی معمولی ہے اور جو جھگڑا ہوتا ہے، اس کو وہ لوگ اپنی سمجھداری سے حل کرتے ہیں۔

श्री उपसभापति: ठीक है, ठीक है।

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र) : उपसभापति महोदय, मैं अपनी पार्टी एन0सी0पी0 की ओर से इस ऐतिहासिक संशोधन बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। उपसभापति महोदय, आजादी के बाद लम्बा समय बीत जाने के बाद, लगभग 63 वर्ष बीत जाने के बाद आज यह संशोधन हम करने जा रहे हैं। .. लेकिन देर आयद, दुरुस्त आयद। कहावत है कि जब आंख खुले, तभी सवेरा है। मैं समझता हूं कि महिलाओं को उनका यह राजनीतिक अधिकार — बहुत पहले मिलना चाहिए था। देर से ही सही, लेकिन आज हम इस फैसले पर, नतीजे पर पहुंचे हैं। जहां तक पंचायती राज की बात कही गई, यह बात सही है कि हमारे पास एक उदाहरण है कि जब पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण दिया गया, तो जो महिलाएं अपने आपको यह महसूस करती थीं कि उनको समाज में, देश की राजनीति में, देश की सत्ता में भागीदारी नहीं मिल रही है, उन्होंने उस आरक्षण का लाभ उठाया। उन्होंने हमारे पंचायती राज में, लोकल बॉडीज में, जिला परिषद में जिस प्रकार से नेतृत्व संभाला और धीरे-धीरे अपने अधिकार का इस्तेमाल किया, उससे यह सिद्ध होता है कि उनके अंदर वह क्षमता है, वह सलाहियत मौजूद है। बार-बार यह जो कहा जाता है कि राजनीति औरतों के बस की बात नहीं है, मैं समझता हूं कि वह बात बहुत पुरानी हो चुकी है। यह बात सही है कि हमारी आबादी की लगभग पचास प्रतिशत आबादी महिलाएं हैं। जब तक इन पचास प्रतिशत महिलाओं को देश की राजनीति में और देश की सत्ता में भागीदारी नहीं देंगे, तब तक एक मजबूत भारत का, एक शक्तिशाली भारत का हमारा जो सपना है, वह सपना साकार नहीं हो सकता है। जब तक देश की मुख्यधारा से इस पचास प्रतिशत आबादी को नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक यह संभव नहीं है। मुझे खुशी है कि आज हम यह फैसला ले रहे हैं, यह ऐतिहासिक निर्णय लेने जा रहे हैं। अच्छा यह होता कि यह बिल आम सहमति से पास किया जाता, लेकिन ऐसा लगता है कि कुछ राजनीतिक दलों ने अपना मन बना लिया था कि हम इस बिल का विरोध करेंगे। यहां तर्क दिया गया, बहुत तरह की बातें कही गईं, पिछड़े वर्ग और ओ.बी.सी. की बात कही गई, अल्पसंख्यक समुदाय की बात कही गई, लेकिन जहां तक मैं समझता हूं, मुझे लगता है कि इसके पीछे उनकी नीयत साफ नहीं थी। वे उसमें सिर्फ अपना राजनीतिक लाभ देख रहे थे, वे पोलिटिकल कैपिटल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वृंदा जी ने ठीक कहा कि यह महिलाओं का सवाल है। उन्होंने आंकड़े बताए कि पंचायती राज और लोकल बॉडीज में जो इलेक्शन हुए, उसमें पिछड़े वर्ग, ओ.बी.सी. और अल्पसंख्यक समुदाय की जो महिलाएं हैं, उसमें उनकी भागीदारी आई है और इससे यह सिद्ध होता है कि अगर उनको मौका मिलेगा तो वे यकीनन आगे आएंगी। राजनीतिक दलों का काम यह है कि उनको प्रोत्साहित करें — अल्पसंख्यक की बात ठीक है, हमारे यहां मुस्लिम समुदाय में पर्दा सिस्टम है, लेकिन उसके बावजूद आज मुस्लिम महिलाएं आगे आ रही हैं। आज तमाम राजनीतिक दल उनकी तरफदारी की बात कर रहे हैं, अगर सही मायनों में उनको प्रतिनिधित्व

† [Transliteration in Urdu Script]

दिया जाए, तो मैं समझता हूं कि वे आगे आएंगी। जो ओ.बी.सी. की बात कर रहे हैं, जो अल्पसंख्यक समुदाय की बात कर रहे हैं, ये सभी वे राजनीतिक दल हैं, जो किसी न किसी रूप में सत्ता में रहे हैं, ये दल राज्यों में सत्ता में रहे हैं। जब उनको सत्ता भोगने का मौका मिला, तब उनको ध्यान नहीं आया कि इस सेक्शन के लोगों को आगे बढ़ाया जाए, उनको मौका दिया जाए। वे परिवारवाद से ग्रस्त हैं। वे उससे ऊपर कभी भी नहीं उठ पाए, लेकिन आज बड़ी-बड़ी बातें और सिद्धांतों की बात कर रहे हैं। मैं यह बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उपसभापति महोदय, मैं इतना ही चाहूंगा कि आने वाले समय में यह बिल सही मायनों में हमारे लिए, हमारे समाज के लिए और देश के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। एक लंबे समय से महिलाओं का जो शोषण हो रहा था, उनका राजनीतिक शोषण हो रहा था, इसके जरिए उनको उससे निजात मिलेगी और आने वाले समय में भारत की जो तस्वीर है, वह उभरकर सामने आएगी। हम दुनिया को यह बता सकेंगे कि भारत हिंदुस्तान; हिंदुस्तान की महिलाओं को बराबरी की निगाह से देखता हैं और उनको वे तमाम अधिकार प्राप्त हैं, जो यहां पर पुरुषों को प्राप्त हैं। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI D. RAJA (TAMIL NADU): Thank you, Sir.

Sir, my party — Communist Party of India — expresses its total support to this historic legislation. On this occasion, I would like to give my *Lal Salam* — Red Salute — to com. Gita Mukherjee, one of the outstanding Parliamentarians of our country and the galaxy of women leaders who championed the cause of women's reservation in this country.

Sir, what the august House doing today is not just giving some charity to the Indian women, but giving their due place in the decision-making bodies of the country. Sir, gender equality and women empowerment are the fundamental requirements of any society to grow into a civilized nation.

It is a Constitutional Amendment Bill. The august House is debating this Bill. I would like to remind this House what happened to the chief architect of the Indian Constitution, Dr. Ambedkar. While addressing a group of several thousands of women of depressed classes, on 18th July, 1927, Dr. Ambedkar said, "I measure the progress of community by the degree of progress which women have achieved." That is what Dr. Ambedkar said. The same Dr. Ambedkar moved the Hindu Code Bill on 11th April, 1947. The discussion on the Bill took place for several years — till 1951. Unfortunately, that revolutionary Bill could not see the light of the day. In view of the growing opposition, Shri Jawaharlal Nehru, the then Prime Minister, decided to drop the Bill. Dr. Ambedkar was so disgusted that he resigned from Shri Nehru's Cabinet. While resigning, Dr. Ambedkar Said, "The Hindu Code Bill was killed and buried un-wept and unsung." Sir, the hon. Prime Minister is sitting here. I would like to tell the Prime Minister that he should not face similar fate that Shri Pandit Jawaharlal Nehru faced. Our Prime Minister, with complete support from us, will be able to pass the Bill by both the Houses of Parliament and this becomes an Act of the country very soon.

Having said this, I would like to address two issues. The first one is: I appeal to the political parties which are opposing this Bill. They are opposing on the question of reservation to OBCs or reservation within reservation. I would like to tell them that the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, the Chief of the DMK, Mr. Karunanidhi, and the hon. Chief Minister of Bihar, Mr. Nitish Kumar, have made a sensible suggestion. They said that let the Bill be passed and those issues

can be addressed at a later stage. That is the spirit that the parties which are opposing should have.

Then, Sir, I would like to address one more issue. It is the issue of reservation for SC/ST. The Bill says that rotation can take place after five years for fifteen years. The hon. Law Minister, in course of his reply, may have to address one issue and the Government will have to consider that issue in the coming days *i.e.*, amending article 334 of the Constitution which deals with reservation to SC/ST. It may appear as a challenge before the Government, because after every ten years we renew reservation. But, in order to strengthen this historic legislation, it may require some amendment to article 334. I would like to be corrected if there is any contradiction; and, legal experts must be consulted. The other issue is, I don't think this legislation is an end of all. It is just a beginning to provide space for women for their comprehensive development, for their political empowerment, for their economic empowerment, for their cultural and social empowerment. Gender equality must be the objective of the entire Parliament and the entire nation.

With these words, my party totally supports this Bill.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, among others, there are about sixteen names. Out of them, there are certain smaller parties who have given all the names of their Members. But, we would only be picking up only one, one name frame each party. So, only about three minutes are possible for each Member. Now, Shri Malihabadi. You have only three minutes.

श्री अहमद सईद मलीहाबादी (पश्चिमी बंगाल): मोहतरम डिप्टी चेयरमैन साहब, आपका शुक्रिया। आज के इस तारीख़ी दिन में दस्तूरे हिन्द के 108वीं तरमीम के ज़रिए ख़वातीन रिज़र्वेशन बिल हम पास कर रहे हैं, इसके लिए हम इसका ख़ैर मक़दम करते हैं। हम यह उम्मीद करते हैं कि जो हमारी ख़वातीन हैं, क़ौमी जिन्दगी में उनका जो मुनासिब हक़ और हिस्सा है, वह उनको मिलेगा।

हमारे मुल्क़ में इतने बरसों से औरतों को एक मज़लूम का दर्जा हासिल था। हमने इसके बारे में बहुत सी कहानियां सुनी हैं। दहेज के लिए औरतों को मारना, यहां तक कि माँ के पेट में जो बच्चा है, अगर वह फीमेल है, तो उसको जान का ख़तरा है। आज हम उनको रिज़र्वेशन दे रहे हैं, तो मैं यह समझता हूं कि हमको रिज़र्वेशन की भी जरूरत है कि हम औरतों की जिन्दगी को बचा कर रखें। हम यह समझते हैं कि आज हिन्दुस्तान एक ऐसे सिम्त की तरफ क़दम बढ़ा रहा है, जहां क़ौमी जिन्दगी का समाजी हिसाब हमारे उस हिस्से को भी मिलेगा, जिसको हम ख़वातीन का दर्जा देते हैं।

इस सिलसिले में मैं एक बात और अर्ज करना चाहता हूं कि हमारे कई ऑनरेबल मैम्बर्स ने यह बात उठाई है कि आज जो बिल हमारे सामने है, उसमें मुस्लिम ख़वातीन के लिए कोई हिस्सा रिज़र्व नहीं किया गया है। हम उन मैम्बर्स का शुक्रिया अदा करते हैं। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने न सिर्फ पूरी मुस्लिम कमेटी को बैकवर्ड घोषित किया है, बल्कि उन्हें दलित के लैवल पर भी ला कर खड़ा कर दिया है और वह रिपोर्ट पार्लियामेंट में पेश हो भी चुकी है एवं मंजूर भी हो चुकी है। जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमिशन ने पहली बार मुसलमानों का नाम लेकर उनके लिए 10 फीसदी रिज़र्वेशन की बात की है।

हम यह बात देखते हैं कि जब रेवड़ियां तक़सीम करने का सवाल आता है, तो वे सिर्फ अपनों में ही बांट दी जाती हैं। इसमें हमें किसी से कोई भी शिकायत नहीं है कि अपनों को यह न दिया जाए, लेकिन हिस्सा सबको मिलना चाहिए। जब अक़लियतों की बात आती है, खास तौर पर जब मुस्लिम माइनॉरिटी की बात आती है, तो कुछ लोगों को यह बात पसन्द नहीं आती है। यह बात ठीक नहीं है।

यह बिल अब पास हो रहा है और नाफ़िज़ भी होगा, अमली शक्ल अख़्तियार करेगा, लेकिन हम इस बात की उम्मीद करते हैं कि जो हमारी सियासी पार्टियां हैं, जो हमारे पॉलिटी सिस्टम को चलाती हैं, जिनके ज़रिए हमारे दोनों हाउस कॉन्स्टिट्यूट होते हैं, अगर वे इंसाफ करेंगी, जो ज्यादा मुनासिब होगा। इस तरह वे उन तमाम तत्वों को, चाहे वे शैड्यूड कास्ट हों, शैड्यूल्ड ट्राइब्स हों या बैक्वर्ड हों, क्योंकि बैक्वर्ड में सब लोग आ जाते हैं, जो ग़रीब हैं, जो सोशली, इकोनॉमिकली और ऐजुकेशनली पिछड़े हुए हैं, उनका हक़ देंगे। हमारी यह मांग है और हम यह समझते हैं कि अगर हमारी सियासी पार्टियां इस मुल्क के अन्दर इंसाफ का सिस्टम क़ायम करना चाहती हैं, तो उन तमाम लोगों को इंसाफ दिया जाना चाहिए, साथ ही क़ौमी जिन्दगी में उनको उनका हिस्सा दिया जाना चाहिए।

मुस्लिम ख़वातीन के बारे में हम लोगों ने बहुत सी कहानियां सुनी हैं कि उनके ऊपर बहुत ज़ुल्म होता है। इस बारे में मुसलमान मर्दों को एक ज़ालिम के तौर पर पेश किया जाता है। आज इस मुल्क के अन्दर इस बात का टैस्ट होगा कि जो लोग मुसलमान औरतों को मज़लूम का दर्जा देते हैं, अब वे उनके साथ क्या इंसाफ करते हैं। हम अपनी सियासी पार्टियों से इस बात की उम्मीद करते हैं कि उनके साथ इंसाफ होगा, इसके साथ ही हम इस बिल का ख़ैर मक़दम करते हैं और इसको सपोर्ट करते हैं। आपका बहुत- बहुत शुक्रिया।

جناب احمد سعید ملیح آبادی (مغربی بنگال): † محترم ڈپٹی چیئرمین صاحب، آپ کا شکریہ۔ آج کے اس تاریخی دن میں دستور ہند کے 108ویں ترمیم کے ذریعے خواتین رزرویشن بل ہم پاس کر رہے ہیں، اس کے لئے ہم اس کا خیر مقدم کرتے ہیں۔ ہم یہ امید رتے ہیں کہ جو ہماری خواتین ہیں، قومی زندگی میں ان کا جو مناسب حق اور حصہ ہے، وہ ان کو ملے گا۔

ہمارے ملک میں اتنے برسوں سے عورتوں کو ایک مظلوم کا درجہ حاصل تھا۔ ہم نے اس کے بارے بہت سی کہانیاں سنی ہیں۔ جہیز کے لئے عورتوں کو مارنا، یہاں تک کہ ماں کے پیٹ میں جو بچّہ ہے، اگر وہ فیمیل ہے، تو اس کو جان کا خطرہ ہے۔ آج ہم ان کو رزرویشن دے رہے ہیں، تو میں سمجھتا ہوں کہ ہم کو رزرویشن کی بھی ضرورت ہے کہ ہم عورتوں کی زندگی کو بچا کر رکھیں۔ ہم یہ سمجھتے ہیں کہ آج ہندوستان ایک ایسی سمت کی طرف بڑھ رہا ہے، جہاں قومی زندگی کا سماجی حساب ہمارے اس حصے کو بھی ملے گا، جس کو ہم خواتین کا درجہ دیتے ہیں۔

اس سلسلے میں، میں ایک بات اور عرض کرنا چاہتا ہوں کہ ہمارے کئی آنریبل ممبرس نے یہ بات اٹھائی ہے کہ آج جو بل ہمارے سامنے ہے، اس میں مسلم خواتین کے لئے کوئی حصہ رزرو نہیں کیا گیا ہے۔ ہم ان ممبرس کا شکریہ ادا کرتے ہیں۔ سچّر کمیٹی کی رپورٹ نے نہ صرف پوری مسلم کمیٹی کو بیک-ورڈ گھوشت کیا ہے، بلکہ انہیں دلت کے لیول پر بھی لا کر کھڑا کر دیا ہے اور وہ رپورٹ پارلیمنٹ میں پیش ہو بھی چکی ہے اور منظور بھی ہو چکی ہے۔ جسٹس رنگناتھن مشرا کمیشن نے پہلی بار مسلمانوں کا نام لے کر ان کے لئے 10 فیصد رزرویشن کی بات کی ہے۔

† [Transliteration in Urdu Script]

ہم یہ بات دیکھتے ہیں کہ جب ریوڑیاں تقسیم کرنے کا سوال آتا ہے، تو وہ صرف اپنے میں میں بانٹ دی جاتی ہے۔ اس میں ہمیں کسی سے کوئی بھی شکایت نہیں ہے کہ اپنوں کو یہ نہ دیا جائے، لیکن حصہ سب کو ملنا چاہئے۔ جب اقلیتوں کی بات آتی ہے، خاص طور پر جب مسلم مائناریٹی کی بات آتی ہے، تو کچھ لوگوں کو یہ بات پسند نہیں آتی ہے۔ یہ بات ٹھیک نہیں ہے۔

یہ بل اب پاس ہو رہا ہے اور نافذ بھی ہوگا، عملی شکل اختیار کرے گا، لیکن ہم اس بات کی امید کرتے ہیں کہ جو ہماری سیاسی پارٹیاں ہیں، جو ہمارے پالیٹکل سسٹم کو چلاتی ہیں، جن کے ذریعے ہمارے دونوں ہاؤس کانسٹ ٹیوٹ ہوتے ہیں، اگروہ انصاف کریں گی، تو زیادہ مناسب ہوگا۔ اس طرح وہ ان تمام چیزوں کو، چاہے وہ شیڈول کاسٹ ہو، شیڈول ٹرائبس ہوں یا بیک ورڈ ہوں، کیونکہ بیک ورڈ میں سب لوگ آ جاتے ہیں، جو غریب ہیں، جو سوشلی، اکانومکلی اور ایجوکیشنلی پچھڑے ہوئے ہیں، ان کا حق دیں گے۔ ہماری یہ مانگ ہے اور ہم یہ سمجھتے ہیں کہ اگر ہماری سیاسی پارٹیاں اس ملک کے اندر انصاف کا سسٹم قائم کرنا چاہتی ہیں، تو ان تمام لوگوں کو انصاف دیا جانا چاہئے، ساتھ ہی قومی زندگی میں ان کو ان کا حصہ دیا جانا چاہئے۔

مسلم خواتین کے بارے میں ہم لوگوں نے بہت سی کہانیاں سنی ہیں کہ ان کے اوپر بہت ظلم ہوتا ہے۔ اس بارے میں مسلمان مردوں کو ایک ظالم کے طور پر پیش کیا جاتا ہے۔ آج اس ملک کے اندر اس بات کا ٹیسٹ ہوگا کہ جو لوگ مسلمان عورتوں کو مظلوم کا درجہ دیتے ہیں، اب وہ ان کے ساتھ کیا انصاف کرتے ہیں۔ ہم اپنی سیاسی پارٹیوں سے اس بات کی امید کرتے ہیں کہ ان کے ساتھ انصاف ہوگا، اس کے ساتھ ہی ہم اس بل کا خیر مقدم کرتے ہیں اور اس کو سپورٹ کرتے ہیں۔ آپ کا بہت بہت شکریہ۔

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला (राजस्थान): शुक्रिया, डिप्टी चेयरमैन साहब कि आपने मुझे यहाँ बोलने की इजाजत दी। कल 8 मार्च को मेरे दिमाग में तस्वीरों की तरह से, फिल्म की तरह से दृश्य घूम रहे थे। आज आप जिस चेयर पर बैठे हैं, उस चेयर से मैंने 1996 में इस हाउस में एक resolution move किया था और मैं यह कहना चाहूँगी कि उस वक्त कोई dissent नहीं था। जब मैंने यह डिमांड की थी कि महिलाओं को adequate representation यानी सत्ता में भागीदारी मिलनी चाहिए तो सारे हाउस ने ही तालियाँ बजाकर उसका ख़ैर मकदम किया था। मुझे आज थोड़ा दु:ख हुआ कि कुछ लोग इसके खिलाफ थे। सर, एक महिला के तौर पर मैं एक शेर पढ़ना चाहती हूँ,

मैं चमन में चाहे जहाँ रहूँ,
मेरा हक़ है फसले बहार पर।

आज तक इस चमन में, जिसको हम पार्लियामेंट कहते हैं, जिसमें अलग-अलग वर्गों और मजहबों के लोग आते हैं, रिप्रेजेंटेटिव आते हैं, जो इस अज़ीम हिन्दुस्तान की democracy को represent करते हैं, उसमें मुझे भी हक़ है कि मैं जिस जगह चाहूँ, रहूँ। चाहे मैं लोक सभा में जीत कर आना चाहूँ, चाहे राज्य सभा में रहूँ। सर, यह तो सरकार को पता है कि भारतीय जनता पार्टी की यह commitment है कि हम इस बिल का समर्थन करने जा रहे थे, मगर हमारी यह एक मांग थी कि जब हम बिल का समर्थन करें तो मुल्क को यह मालूम होना

चाहिए कि जो एक तब्दीली न सिर्फ लोक सभा में आ रही है, एक silent revolution, जो पंचायत बिल से हमारे देश में आया, उससे एक मिलियन महिलाएँ इस सत्ता में भागीदार हुईं। हम यह क्यों चाहते हैं? इसकी क्या वजह है? चूँकि मैं उस कमेटी की मैम्बर थी और नाच्चीयप्पन साहब उसके चेयरमैन थे, वहाँ इस पर बड़े विस्तार से चर्चा हुई कि कोई और तरीका क्यों इस्तेमाल नहीं किया गया, 33 परसेंट रिजर्वेशन की बात क्यों हुई, क्योंकि हमें थोड़ी सी जगह देने में तकलीफ हो रही थी। ...**(व्यवधान)**... आप तो दे देते हैं।

श्री उपसभापति: मैं दे देता हूँ?

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: आप दे देते हैं। आपसे शिकायत नहीं है। शिकायत तो किन्हीं और लोगों से है। सर, तीन बार सुषमा स्वराज जी ने कोशिश की, मगर उस वक्त किसी ने सपोर्ट करने के लिए वहाँ से हाथ नहीं बढ़ाया। प्रधान मंत्री जी आप यहाँ बैठे हैं। आप यहाँ भी बैठते थे। आपको मालूम है कि उस वक्त भी अगर आप सपोर्ट करते तो यह बिल पास हो जाता। ...**(व्यवधान)**... अटल बिहारी वाजपेयी जी ने यह बात कही थी और जो कल मैंने प्रेस में दोहरायी कि यहाँ सवाल नम्बरों का नहीं है, नम्बर तो लेफ्ट के भी थे और हमारे भी थे, सवाल नीति और नियम का था। आज हमारी नीयत भी साफ है और हमारी नीति भी साफ है ...**(व्यवधान)**... सर, मैं बाहर सुन रही थी। प्रेस के बहुत से लोग बात कर रहे थे। हो सकता है कि यह बिल पास होने के बाद महिलाओं की वह importance प्रेस के लिए कल यकीनन खत्म हो जाए, मगर हमारी पार्टी के लिए खत्म नहीं होगी। सर, ये बड़ी-बड़ी बातें कही जा रही थीं कि बीजेपी इसके खिलाफ है, बीजेपी इसको लाना नहीं चाहती, क्योंकि बीजेपी ने इसमें अब discussion का अड़ंगा लगा दिया है। सर, यह बात सही है। हमारी जो चीफ व्हीप हैं, जब वह गुरु वार को गयी थीं, उसी वक्त यह तय हो गया था कि आपने इसके लिए चार घंटे तय किए हैं। इस पर discussion की मांग तो हमारी शुरू से ही थी। हम चाहते थे कि लोगों को, इस मुल्क को, इस मुल्क के बाहर के लोगों को मालूम हो कि हम क्यों इसे सपोर्ट करना चाहते हैं। हम चाहते थे कि महिलाओं को आप खुद ही दिल बड़ा करके दे देते। जब आपने नहीं दिया, तब हमने यह किया।

मैं एक और बात यहां कहूंगी। हिस्ट्री है, सर। 1996 में यह रेज़ोल्यूशन यहां हाऊस में पास हुआ, फिर इलेक्शन हुए तो सबने अपने मेनिफेस्टो में बड़े जोर-शोर से लिख दिया कि महिलाओं को सत्ता में भागीदारी देंगे। उस वक्त देवेगौड़ा जी जीतकर आ गए। 1997 में इंटर पार्लियामेंट्री यूनियन की कांफ्रेंस हुई, towards partnership between men and women, वहां संगमा जी ने और मैंने यह बात रखी, देवेगौड़ा जी सत्ता में थे, देवेगौड़ा जी से कहा, तो देवेगौड़ा जी ने हां भर ली, मगर बिल लाने की हिम्मत नहीं हुई। बिल आया और गीता मुखर्जी कमिटी में गया। फिर, हिस्ट्री है। सर, आज हम पंचायत की बात करते हैं, जो हमने बिल पास किया, मुझे याद है कि वह बिल रात के 12:00 बजे इसी हाऊस में तीन वोटों से डिफीट हुआ था। फिर दोबारा वह बिल लाया गया, दो-तीन साल के गैप के बाद, तब वह बिल पास हुआ। तो महिलाओं को देते वक्त थोड़ा दुख होता है। मैं समझती हूं। वह बिल यूनेनिमस यूं पास हो गया कि कहीं हिन्दुस्तान के किसी और इलाके में एक मिलियन महिलाएं एक मिलियन पुरुषों की सीटों पर कब्जा करने वाली थीं, मगर यहां लोक सभा में जो उंगली बटन दबा रही है, उसे यह नहीं मालूम कि कल यहां मेरी यह उंगली रहेगी या कहीं बाहर चली जाएगी। सिर्फ यही बात है और कोई बात नहीं है। सर, दुनिया में सब जगह महिलाओं का मूवमेंट है, वहां Women's movement will be led by women, लेकिन हिन्दुस्तान में, इस मुल्क की हिस्ट्री है कि हमारे जितने बड़े लोग हुए हैं, चाहे वे राजा राम मोहन राय हुए हों, चाहे ज्योति बा फूले हों, चाहे महार्षि करवे हों, चाहे बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर हों, जिन्होंने कांस्टिटयूशन बनाया, उन लोगों ने यह काम किया। कांस्टिटयूशन की कापी मेरे पास रखी है, चाहे आप इसके प्रिएम्बल में कहें, चाहे उसके डायरेक्टिव प्रिंसिपल में कहें, चाहे फंडामेंटल राइट्स में कहें, महिला को सबसे पहले वोट देने का हक जिस दिन हिन्दुस्तान के संविधान ने दिया, उसी दिन महिला को शक्ति मिल गई थी कि वह अपने प्रतिनिधि चुन सकती है और प्रतिनिधि बन सकती है। सवाल हमारा सिर्फ यह था कि किस हद तक वह महिला प्रतिनिधि बन सकती है। क्या हमारी भागीदारी

नहीं है? वृंदा जी बड़ा अच्छा बोलीं, अरुण जेटली जी ने बड़े विस्तार से इसके कांस्टिटयूशनल और रोटेशन के बारे में जो बात बताई, मैं उसके ऊपर कोई चर्चा नहीं करुंगी, मेरी पार्टी के पास समय बहुत कम है। मैं केवल दो चीजें बाकी कहना चाहती हूं कि आपने पॉलिटिकल इम्पावरमेंट दिया है, अभी देने की बात कर रहे हैं, दिया नहीं है। यहां से तो हम पास करके भेज देंगे। सर, आपको याद होगा, प्राइम मिनिस्टर साहब, मैं बार-बार कहती थी चेयरमैन साहब के चैम्बर में, गुलाम नबी जी आप भी उस समय पार्लियामेंट्री अफेयर मिनिस्टर थे, प्रमोद महाजन से भी मैं कहती थी कि राज्य सभा में बिल लाओ, बिल पास कर देंगे, क्योंकि राज्य सभा में कोई समस्या अगर होगी भी तो थोड़ी-बहुत होगी। आज, सर, मुझे थोड़ा दुख हुआ। हमने इस हाऊस में पहली बार ऐसा सीन देखा। पिछले तीस सालों से, जब से मैं इस हाऊस की मैम्बर हूं, जिसमें से 17 साल मैंने उस कुर्सी पर गुजारे हैं, मुझे दुख हुआ चेयर के साथ जो बदतमीज़ी की गई, चेयर की शान में जो कुछ हरकतें हुईं, मुझे अच्छा नहीं लगा। मुझे इस बात का बहुत दुख हुआ। चेयर के साथ जो हुआ उसके लिए सारा हाऊस मेरे साथ शामिल होगा माफी मांगने के लिए, हम सब माफी मांगते हैं। मगर, सर, चेयर का दिल बड़ा होना चाहिए, चेयर का दिल छोटा नहीं होना चाहिए। आप बड़ी ऊंची कुर्सी पर बैठे हैं, कोई छोटे दिल के नहीं हैं। आज जिन लोगों को पकड़-पकड़ कर, उठाकर ले जाया गया, मैंने आज तक इस हाऊस में 100-150 लोगों को इस तरह हमला करते हुए नहीं देखा। मुझे खराब लगा। मैं आपसे यह बात अपनी पूरी जिम्मेदारी से कह रही हूं कि हमारे पूरे इंडिया के लोग जो देख रहे हैं, वे भी देखते हैं कि आज जो कुछ हुआ, वह डेमोक्रेसी नहीं है।

श्री तारिक अनवर: उपाय क्या है?

डा0 (श्रीमती) नजमा ए0 हेपतुल्ला: उपाय निकलते हैं, तारिक अनवर साहब, उपाय निकलते हैं।

एक माननीय सदस्य: उनको बुलाकर बात करनी चाहिए थी।

डा0 (श्रीमती) नजमा ए0 हेपतुल्ला : हां, मैंने बताया था, बात करनी चाहिए थी, सरकार को डिस्कस करना चाहिए था, सरकार को फ्लोर मैनेजमेंट करना चाहिए था। ऐसा नहीं है कि किसी चीज का हल नहीं निकलता। उनका भी हक है बोलने का। मुझे मालूम है, सर, आपके चेहरे पर खुशी नहीं थी। मैंने डिप्टी चेयरमैन साहब का चेहरा देखा है, वे बहुत दुखी थे, वे मना करना चाह रहे थे। वे मना करना चाह रहे थे, अगर उनका हुक्म चलता, तो वे कभी भी ऐसा नहीं करने देते ...**(व्यवधान)**... सर, आप अपनी सीट पर बैठे थे, देखिए, प्रधान मंत्री जी भी नहीं चाह रहे थे ...**(व्यवधान)**... मुझे यकीन है कि प्रधान मंत्री जी, आपको भी अच्छा नहीं लगा, क्योंकि आप डेमोक्रेसी को मानते हैं, हम भी जनतंत्र को मानते हैं, हम यह नहीं चाहते कि बिल सिर्फ ...**(व्यवधान)**... आपको सत्ता में भागीदारी मिल रही है, झगड़ा करने से कोई फायदा नहीं है ...**(व्यवधान)**... यह अच्छा नहीं हुआ, कोई भी तारीफ नहीं करेगा, जो हुआ, अच्छा नहीं हुआ। आप खुश हैं, कल आपके साथ भी यह हो सकता है ...**(व्यवधान)**...

उपसभापति जी, हम Institution को बरबाद नहीं कर सकते, Institution को कायम रखना हमारा फर्ज़ है। सबसे पहले उन्हें भी ध्यान रखना चाहिए था, उन्हें एक हद तक ही बोलना चाहिए था। उन्हें अपनी बात बोलने का हक है, चिल्लाने-चीखने और तोड़-फोड़ करने का अधिकार उन्हें नहीं है। मैं उनके बर्ताव को कंडम करती हूं, लेकिन हमें भी दिल बड़ा रखना चाहिए। आज अगर वे भी यहां आकर बोलते, वे आकर अपना dissent बताते कि क्या problem है, तो इससे क्या फर्क पड़ जाता ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति: नजमा जी, अब आप समाप्त कीजिए।

डा. (श्रीमती) नजमा ए. हेपतुल्ला: सर, आप फिक्र मत कीजिए, मेरी पार्टी का समय अभी बाकी है। आप क्यों दिल छोटा कर रहे हैं, मैं दिल बड़ा करने की बात कर रही हूं। मेरा तो चिल्ला-चिल्लाकर गला दुख गया। मैं इस दुःख के साथ इस बिल का पूरा समर्थन करती हूं। मुझे इस बात की खुशी है कि यह बिल आया और हमारी पूरी पार्टी इस बिल के ऊपर आपके साथ है, महिलाओं के साथ है, क्योंकि अगर आप एक अच्छा काम

कर रहे हैं, जो हम भी करना चाहते थे, ये कह रहे हैं कि आपने उस समय हमारा साथ नहीं दिया ...**(व्यवधान)**... लेकिन आज हम आपका साथ दे रहे हैं, आपके पास मैजोरिटी नहीं है, फिर भी हम आपको सपोर्ट कर रहे हैं। उपसभापति जी, आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत शुक्रिया।

डा. प्रभा ठाकुर (राजस्थान): उपसभापति जी, मैं इस महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में बहुत खुशी से अपनी ओर से, सदन की सभी महिलाओं की ओर से, हमारे तमाम उन भाइयों की ओर से जो इस बिल को समर्थन दे रहे हैं, पूरे देश की जनता की ओर से, जिसमें स्त्रियां और पुरुष दोनों शामिल हैं, अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए इस ऐतिहासिक बिल के संबंध में अपने कुछ विचार आज यहां रख रही हूं।

उपसभापति जी, आज जब यह विधेयक यहां पारित होने जा रहा है, तब इस अवसर पर मैं स्वर्गीय प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी जी का स्मरण किए बिना नहीं रह सकती। यह उनकी परिकल्पना थी। वे स्वयं पुरुष थे, लेकिन उनके मन में महिलाओं के प्रति करुणा थी और उन्होंने महसूस किया कि इस देश की स्त्रियों को राजनीतिक हक और राजनीतिक अधिकार तब तक नहीं मिल सकता, जब तक कि आरक्षण जैसी कोई व्यवस्था नहीं हो जाती। उनकी इसी सोच के तहत कांग्रेस सरकार के समय में पंचायतों में हमारी बहनों को 33 फीसदी आरक्षण मिला, नगर निगमों और निकायों में भी हमारी बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला। मेरी बहन नजमा जी अभी कह रही थी कि राजीव जी की सरकार के समय में यह विधेयक प्रस्तुत हुआ था और केवल 2 वोटों से गिर गया था, मैं उनसे सिर्फ यह जानना चाहती हूं कि उस समय कौन लोग थे, जो इसका विरोध कर रहे थे और वे किस तरफ थीं, किन लोगों के विरोध के कारण उस समय यह विधेयक गिरा था? आज खुशी की बात है कि देर आयद दुरुस्त आयद, आप लोगों ने यह महसूस किया कि महिलाओं के सशक्तीकरण के बिना, महिलाओं को समर्थन दिए बिना, आपका आपके घर में भी गुज़ारा नहीं होने वाला है। इसलिए मैं श्रीमती सोनिया गांधी जी, उनकी इच्छा शक्ति को, UPA सरकार को और हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देती हूं कि उन्होंने परमाणु करार जैसी दृढ़ता दिखाई। अगर वे इतनी दृढ़ता नहीं दिखाते, इतनी प्रतिबद्धता नहीं दिखाते, तो मैं नहीं समझाती कि किसी भी सरकार के समय में यह ऐतिहासिक आरक्षण विधेयक इस संसद का मुंह तक देख पाता और पारित हो पाता। लोग तो देख नहीं पाते हैं, बहुत कुछ बातें करते हैं, मगर जनता सब जानती है और मीडिया भी सब समझता है। असलियत सब जानते हैं और जो लोग कह रहे हैं कि मुस्लिम समाज और ओबीसी समाज की महिलाओं को आरक्षण नहीं मिलेगा। मैं भी ओबीसी समाज से आती हूँ। राज्य सभा में मेरी पार्टी ने मुझे लिया, किसी पूंजीपति को नहीं लिया। जो उधर बैठ कर बातें करते हैं, उनमें से कितने कमजोर लोगों को राज्य सभा में लेकर आए, कितनी मुस्लिम समाज की हमारी बहनों को, कितनी ओबीसी समाज की हमारी बहनों को लेकर आए? उस समय उन्हें बड़े नामी-गिरामी लोग, बड़ी हस्तियां या बड़े पूंजीपति लोग याद आते हैं। जो इस तरह की बात करते हैं, मैं उनसे हाथ जोड़ कर कहना चाहती हूँ कि देश की बहनों और इस समाज को गुमराह मत कीजिए। आप चाहें तो 33 प्रतिशत से ज्यादा ओबीसी की बहनों को टिकट दे सकते हैं, Minorities की मुस्लिम समाज की बहनों को टिकट दे सकते हैं। जब यह विधेयक पारित होगा, तब देश की बहनें देखेंगी कि आखिर आपकी कितनी इच्छा शक्ति है। कितने मुस्लिम समाज की बहनों को और कितनी ओबीसी समाज की बहनों को आप उस समय टिकट देते हैं। उस समय यह मत कीजिएगा कि उन समाजों के नाम पर अपने ही घर की बहन, बेटियां, बहू और बीवी नजर आए। उस समय यह जरूर देख लीजिएगा। इस पर भी देश की नजर रहेगी। मैं इस सरकार को बधाई देते हुए अंत में यही कहना चाहती हूँ कि जिन सबने ने समर्थन दिया है ..**(व्यवधान)**.. कल जो यहां पर हंगामा हुआ, जिस तरह से सभापति जी के आसन का अपमान किया गया, हम उसका तहे दिल से निंदा करते हैं। उसके खिलाफ यदि कड़ी कार्रवाई नहीं होगी, तो भविष्य में भी राज्य सभा जैसे सदन में इस तरह के उत्पात होते रहेंगे। आगे भविष्य के लिए अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी। हमारे साथियों द्वारा यह कार्रवाई करने के लिए मजबूर किया गया, तब यह कार्रवाई की गई। हम निंदा करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में कोई

अपना विरोध प्रकट करने के लिए इस हद तक अनुशासनहीनता नहीं करेगा और हम सदन की गरिमा को बनाए रखेंगे। मैं महिला शक्ति को नमन करते हुए, पूरी देश की महिलाओं को नमन करते हुए, श्रीमती सोनिया जी को नमन करते हुए कहना चाहती हूँ कि

"हम उबलते हैं, तो भूचाल उबल जाते हैं,
हम मचलते हैं, तूफान मचल जाते हैं।
हमको कोशिश न रोकने की करे अब कोई,
हम जो चलते हैं, तो इतिहास बदल जाते हैं।"

अब यह नया इतिहास इस देश में आज यूपीए सरकार ने बनाया है। यह प्रधान मंत्री जी की देन है, यह कांग्रेस नीत सरकार की देन है। यह बात पूरा देश जानता है और आप भी जानते हैं। जो पचास फीसदी की बात कह रहे थे, उनसे कहना है कि साथियो, हमारी सरकार पंचायतों और नगर निगमों में आरक्षण को 33 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी तक ले गई है और एक बार फिर प्रक्रिया शुरू हुई है, अब देखिए, आगे, आगे होता है क्या। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri M.V. Mysura Reddy; you have three minutes. SHRI

M.V. MYSURA REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise to speak on behalf of the Telugu Desam Party. I am proud to take part in this historic debate. There is no doubt that empowering of women will work as an indispensable tool for eliminating gender inequality and discrimination. Mahatma Gandhi had rightly said, "Man's education is education for himself; woman's education is education for the society. I strongly feel that empowerment of woman is not only empowering herself but also empowering the society." Our Party totally, wholeheartedly supports the Constitution Amendment Bill, and it is not out of way to mention that it is the Telugu Desam Party which had first implemented reservation for women in local bodies and N.T.R. was also the first Chief Minister of Andhra Pradesh who had given property rights to women in 1986. I want to bring it to the notice of this august House that our Party is committed to reservation for backward-classes women and for the minority community also. If the Government comes forward with official amend ment also, our Party will support that official amendment. Our Party wholeheartedly supports this Constitution Amendment Bill. Thank you.

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): आदरणीय उपसभापति जी, मुझे याद है आज से 22 साल पहले पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से, महिलाएं राजनीतिक क्षेत्र में गांव-गांव तक मज़बूती के साथ उभरकर आएं, इसकी पहल की गई थी और बाद में 1992 में 73वां संविधान संशोधन कर केंद्र सरकार ने पंचायती राज में एक-तिहाई महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की थी। उस वक्त यह एक क्रांतिकारी पहल थी और इसके माध्यम से महिलाओं का एक नया स्वरूप राजनीति में उभरकर सामने आया। बिहार सरकार ने इसके अच्छे परिणामों के कारण पंचायतों में महिलाओं का आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया और इसका अनुसरण अन्य प्रदेशों ने भी किया, जिसमें मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, केरल और गुजरात की राज्य सरकारें शामिल हैं। इस आरक्षण के कारण ही गांवों के स्तर पर एक ओर तो महिलाओं में उम्मीद से ज्यादा जागरूकता पैदा हुई, दूसरी ओर पढ़ी-लिखी और अनपढ़, दोनों ही तरह की महिलाओं की नेतृत्व क्षमता भी सामने उभरकर आई। यह महिलाओं की इच्छाशक्ति और लगनशीलता का प्रतीक है कि आज गांवों में महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हैं और राजनीतिक क्षेत्र में अपनी बढ़ी हुई जिम्मेदारी का बखूबी से निर्वहन कर रही हैं। वे घर के चौके-चूल्हे से लेकर प्रदेश के विकास में भी हाथ बंटा रही हैं।

उपसभापति जी, अभी हाल ही में मध्य प्रदेश में पंचायतों के, स्वायत्त संस्थाओं के जो नगरीय चुनाव हुए हैं, मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 50 प्रतिशत आरक्षण के कारण गांवों में और शहरों में विकास की बागडोर 2,00,000 से ज्यादा महिलाओं के हाथ में आई है। वहां 1,80,000 से ज्यादा महिलाएं पंच बनी हैं, 11,520 महिलाएं सरपंच बनी हैं, 3,400 महिलाएं जनपद की सदस्य बनी हैं, 415 महिलाएं जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं, 25 महिलाएं जिला पंचायत महिला अध्यक्ष बनी हैं, 1,780 महिलाएं पार्षद चुनकर आई हैं और हमारे यहां 8 महिलाएं नगर निगम की महापौर बनी हैं, जिसमें भोपाल में सामान्य महिला की जो सीट आरक्षित थी, उस पर ओ.बी.सी. की महिला महापौर चुनकर आई है। ये आंकड़े बताते हैं कि यह कितना क्रांतिकारी बदलाव है।

उपसभापति जी, भारतीय जनता पार्टी ने तो सर्वप्रथम विधान सभा और संसद में महिलाओं की 33 प्रतिशत आरक्षण की शुरुआत बड़ौदा राष्ट्रीय परिषद में जून, 1994 में प्रस्ताव पास करके की। महोदय, उस समय महिलाओं को यह जानकारी भी नहीं थी कि महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए इस तरीके का कोई प्रस्ताव हमारी पार्टी पास करेगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं के लिए यह प्रस्ताव पास किया और इसके बाद हमारी पार्टी ने संगठन में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को देकर राजनीति में आगे बढ़ाने का काम पहले से ही शुरू कर दिया। मुझे याद है कि एन.डी.ए. के कार्यकाल में दो बार पूर्व प्रधान मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने इस विधेयक को पास कराने के लिए आम सहमति बनाने के प्रयास किए और सुषमा स्वराज जी, जो उस समय पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर थीं, उन्होंने इसके लिए बेहद परिश्रम किया और इसे संसद में चर्चा के लिए रखा, पर उस वक्त हमें सफलता नहीं मिली। महोदय, इस महिला आरक्षण विधेयक का मेरी पार्टी समर्थन करती है। भारतीय जनता पार्टी हमेशा ही महिलाओं को संसद और विधान सभाओं मेंआरक्षण देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में निर्णायक भूमिका देने की पक्षधर रही है। हम कोई राजनैतिक खेल खेलना नहीं चाहते और न ही श्रेय लेने की होड़ में इस विधेयक में रोड़ा डालना या अवरोध पैदा करना चाहते हैं, जो दल विरोध कर रहे हैं, उनसे भी मेरा आग्रह है कि महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन और सुधार की गुंजाइश हमेशा हो सकती है। संसद में बहस के दौरान सभी दल अपनी भावनाओं और विचारों को रखते हुए विधेयक में उसे समाहित करने का प्रयास करें। लेकिन मेरा यह भी आग्रह है कि इस विधेयक को उसके वर्तमान स्वरूप में ही पास कराया जाए। आने वाले समय में अनुभव के आधार पर विधेयक में संशोधन और परिमार्जन किए जाने की संभावना सर्वथा बनी रहेगी। उपसभापति महोदय, पिछले कई वर्षों से संसद में महिला आरक्षण विधेयक लम्बित रहने से आम जनता में यह संदेश जा रहा है कि हमारी संसद महिलाओं के अधिकारों के प्रति संवेदनशील नहीं है जबकि वास्तविकता यह है कि इसी संसद ने महिलाओं के हितों और अधिकारों की रक्षा तथा उनकी तरक्की के लिए कई कानून बनाए हैं। इसीलिए मेरी सबसे यह अपील है, मैं सबसे यह आग्रह करना चाहती हूं कि सब इस विधेयक के प्रति उदार भाव रखें ताकि इसके पारित होने की सूरत उभर सके। महोदय, भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही इस विधेयक की पक्षधर रही है। आज, जब सदन में यह विधेयक प्रस्तुत हुआ है और इस पर मैं अपनी बात रख रही हूं तो इस विधेयक पर अपने विचार रखते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। लेकिन दो दिन का जो घटनाक्रम था, उसने जो पीड़ा पहुंचाई है, अगर हम पहले से इसका थोड़ा सा होमवर्क कर लेते तो शायद ऐसी कटुतापूर्ण स्थिति न आती और हमें उन भाइयों का, उन दलों का समर्थन भी मिलता, या उनकी सहमति भी हो सकती। ...**(समय की घंटी)**... एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में हम आज इस विधेयक का जिस तरीके से समर्थन कर रहे हैं...।

श्री उपसभापति: माया सिंह जी, अभी आपकी पार्टी से एक और मैंबर बोलने वाले हैं।

श्रीमती माया सिंह: मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि कांग्रेस पार्टी भी ऐसी ही जिम्मेदारी का परिचय देकर इस विधेयक का समर्थन करती तो एनडीए के शासनकाल में ही यह विधेयक पारित हो गया होता और इसका लाभ हमारे देश की महिलाएं ले रही होतीं। यह विधेयक भारतीय लोकतंत्र की मजबूती की

दिशा में एक ऐसा ऐतिहासिक कदम है, जो हमारे संविधान निर्माताओं के उस सपने को मूर्त रूप देगा, जो महिलाओं और पुरुषों के बीच में गैर-बराबरी को मिटाने की हसरत रखता था। मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारतीय समाज में महिलाएं किस तरीके से अत्याचार, शोषण, उत्पीड़न और दूसरी नागरिकता का शिकार रही हैं। ...**(समय की घंटी)**... संसद के भीतर और बाहर महिलाओं के हितों और अधिकारों की रक्षा के जो भी प्रयास हुए हैं, उनमें से महिला आरक्षण विधेयक एक ऐसा मील का पत्थर साबित होगा जो उन्हें राजनैतिक और शासन चलाने की प्रक्रिया में अधिकार सम्पन्नता के साथ सबद्ध करता है। दुनिया भर में चल रहे नारी मुक्ति आंदोलन और स्वतंत्रता आंदोलनों से भी आगे बढ़कर यह महिलाओं को अधिकार देगा। सर, आजाद भारत के इतिहास में महिलाओं को मजबूत करने का, महिलाओं के सशक्तिकरण का हमारा इतिहास रहा है। आज जब संसद में महिलाओं को यह कानूनी अधिकार मिलने जा रहा है, मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मेरी पार्टी इस ऐतिहासिक प्रसंग की मूक गवाह नहीं है, बल्कि इसकी सक्रिय भागीदार बनने जा रही है। मैं अपनी पार्टी की ओर से इस महिला आरक्षण विधेयक का पुरजोर समर्थन करती हूं और अन्य दलों से अपेक्षा करती हूं तथा उनसे आग्रह करती हूं कि वे भी इस विधेयक का समर्थन करें ताकि यह विधेयक सर्वसम्मति से पास हो। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

DR. (SHRIMATI) KAPILA VATSYAYAN (Nominated): Mr. Deputy Chairman, Sir, I rise here on behalf of the nominated Members of the Rajya Sabha. We belong to no parties but we belong to the human race. At this momentous moment, all that I can say is to remind this House of one sentence of the Father of the Nation, Mahatma Gandhi, writing to Julian Huxley in 1946 when UNESCO was started. What did he say? He said, I learnt from my illiterate but wise mother. that all rights to he dereserved and preserved came from duty well done. Today, I think whether illiterate mothers or literate mothers, they will have to bring about a civilised society; a civilised society which cannot, in the very nature, indulge in the kind of action that we saw yesterday.

With these words, Sir, I say this is a momentous moment, but it will be for us to show in action what we have shown in this legislation. Thank you, Mr. Deputy Chairman.

